# Bihar Board Class 6 Social Science Civics Solutions Chapter 1 विविधता की समझ

पाठ्य-पुस्तक के प्रश्नोत्तर

प्रश्न 1.
क्या आपने किसी के साथ भेदभाव होते हुए देखा है? उदाहरण के साथ बताइए।
उत्तर-
हम सबसे ज्यादा भेदभाव अपने समाज में, अपने आस-पास ही देखते हैं। हमारे समाज में जाति, धर्म, अमीर-गरीब, रंग, लिंग इत्यादि के आधार पर भेदभाव होता है। आज सबसे ज्यादा भेदभाव लिंग के आधार पर होता है। भ्रूण जाँच के द्वारा लिंग पता करवा लिया जाता है तथा कन्या होने पर उसकी हत्या करवा दी जाती है। हमारे आस-पास, अगर किसी परिवार में पुत्र तथा पुत्री दोनों हैं तो परिवार की मानसिकता होती है कि वह पत्र को हर सुविधा उपलब्ध करवाये ।

लेकिन पुत्री को वह घर की चारदीवारी में बंद करके रखना पसंद करता है। पुत्री की शिक्षा उतनी महत्वपूर्ण नहीं होती है जितना पुत्र की। पुत्री के जन्म को ही एक बोझ समझा जाता है। पुत्री को वह प्यार-दुलार नहीं मिलता जिसकी वह हकदार होती है। उदाहरण के तौर ए रामजीवन के ही परिवार में पुत्री के साथ कितना भेद-भाव किया गया। उन्हें वह हक नहीं मिला जिसकी वह हकदार थी। फिर भी पुत्र लाड़-दुलार की वजह से भविष्य में कुछ नहीं कर सका जबकि पुत्रियों ने पिता का सर ऊँचा कर दिया।

प्रश्न 2.
अगर किसी के साथ भेदभाव होता है तो क्या आपने इस स्थिति में
उसकी मदद करने का प्रयास किया ?
उत्तर-
हमारे आस-पास वैसे तो कई प्रकार के भेदभाव होते हैं। मेरे बगल में एक लड़की की शादी हो रही थी जिसकी उम्र 18 वर्ष से कम थी अर्थात् वह नाबालिग थी। कानूनन यह अत्याचार था। मैंने अपनी सभी सहेलियों के साथ मिलकर पुलिस को इसकी जानकारी दे दी जिससे उस नाबालिग की जिंदगी बर्बाद होने से बच गई।

प्रश्न 3.
आपकी समझ से इस समाज में किस प्रकार के भेदभाव होते हैं?
उत्तर-
हमारे समाज में विभिन्न प्रकार के भेदभाव होते हैं। लैंगिक भेदभाव जिसमें लड़के तथा लड़कियों के बीच भेद-भाव किया जाता है। नि:शक्तों एवं सामान्य सवर्णों के बीच भेदभाव जिसमें सिर्फ ऊँची जाति के लोगों को ही मंदिर में प्रवेश करने की इजाजत होती है तथा नीची जाति के लोगों को गाँव में भी अंदर आने की इजाजत नहीं होती, अमीर तथा गरीब के बीच का भेदभाव तो हर जगह नजर आता है।

प्रश्न 4.
समाज में भेदभाव क्यों होता है?
उत्तर-
समाज में भेदभाव होते हैं। अमीर-गरीब, पढ़े-लिखे अनपढ़, सवर्णों-दलितों, महिलाएं पुरुषों में देखा जाता है। ऐसे

लोग अपनी अज्ञानता एवं संकुचित मानसिकता के कारण समाज में हो रहे परिवर्तन को नजरअंदाज करते हैं और पुरानी रूढ़िवादी परम्पराओं को अपनाते हैं जिससे वह इन सभी चीजों को नजरअंदाज कर देते हैं। उन्हें नयी क्रियाशीलता और बराबरी का व्यवहार को न अपनाने की वजह से समाज में 3 कतम भेदभाव देखे जाते हैं।

अभ्यास

प्रश्न 1.
किस आधार पर आप कह सकते हैं कि रामजीवन अपने बेटा एवं बेटियों के बीच भेदभाव करता था।
उत्तर-
रामजीवन अपने बेटियों की अपेक्षा बेटे के रहन-सहन, खान-पान, पहनावा, खेलकूद आदि पर विशेष ध्यान देता था जबकि बेटियों से घर का सारा काम (जैसे-भोजन, चौका, बर्तन, झाड़ू-पोछा आदि काम) करवाया जाता था। बेटियाँ इन कामों के अलावा पढ़ाई पर खुद ध्यान देती थी। वही बेटे के लिए स्कूली शिक्षा अच्छे विद्यालय में होती है और साथ में ही घर पर शिक्षक आकर पढ़ाते थे। इस तरह राम जीवन बेटियों की अपेक्षा बेटा को ज्यादा महत्व देता था।

प्रश्न 2.
व्यक्तियों के बीच विभिन्नताओं में कौन-कौन से आधार
उत्तर-
व्यक्तियों के बीच हमारे समाज में विभिन्न प्रकार के भेद-भाव होते हैं। लैंगिक भेदभाव जिसमें लड़के तथा लड़कियों के बीच की विभिन्नताएँ हैं। नि:शक्तों एवं सामान्य सवर्णों के बीच भेदभाव, अमार-गराव, पढ़े-लिखे, अनपढ़ ये सभी समाज की विभिन्नता है।

प्रश्न 3.
भारतीय संविधान के आठवीं अनुसूची में कितनी भाषाओं का उल्लेख किया गया है?
उत्तर-
भारतीय संविधान आठवीं अनुसूची में कंवल 22 भाषाएँ सूचीबद्ध की गयी हैं।

प्रश्न 4.
आपके विचार में बिहार की समृद्धि-विविधता एवं विरासत आपके जीवन को बेहतर कैसे बनाती है?
उत्तर-
बिहार भी विविधताओं से भरा पड़ा है। हम अलग-अलग भाषाएँ बोलते हैं। अनेक प्रकार का खान-पान खाते हैं। अलग-अलग त्योहार मनाते हैं और खान-पान के साथ-साथ भिन्न-भिन्न धर्मों का पालन करते हैं। बिहार के लोग जब भारत के अन्य राज्यों जैसे – दिल्ली, मुम्बई, पंजाब, हरियाणा में काम अथवा व्यवसाय करने जाते हैं। उन्ह. कई हद तक अपनाने की कोशिश भी करते हैं। इन सभी चीजों से एक-दूसरे का सम्मान करते हैं। उन्हें अपने जीवन में लाने का प्रयास करते हैं। यह बिहार की समृद्धि, विविधता एवं विरासत-हमारे जीवन को काफी हद तक बेहतर बनाती है।

प्रश्न 5.
आपके अनुसार जिस व्यक्ति के साथ भेदभाव होता है, उसे कैसा
महसूस होता है?
उत्तर-
हमारे अनुसार जिस व्यक्ति के साथ भेदभाव किया जाता है। वह व्यक्ति अपने को संकुचित रखता है जिससे की उसकी अवहेलना कम हो और वह मानसिक रूप से परेशान होता है। हमें किसी भी व्यक्ति के साथ भेदभाव नहीं


https://www.evidyarthi.in/

करना चाहिए जिससे कि उसे परेशानियों का सामना करना पड़े। आज समाज में लोगों के साथ बराबरी का व्यवहार हो जिससे नये समाज का विकास हो सभी प्रकार की विभिन्नताओं को समाहित करते हुए राष्ट्र की एकता को कायम रखना चाहिए।

प्रश्न 6.
दो व्यक्तियों के चित्र एकत्र करें जिन्होंने भेद-भाव एवं असमानता के विरुद्ध कार्य किया है।
उत्तर-

1. महात्मा गाँधी
2. डॉ. अम्बेडकर छात्र शिक्षक की सहायता से स्वयं करें।

प्रश्न 7.
पाँच लड़कियों के नाम एकत्र करें जिन्होंने अपने देश का नाम रोशन किया है।
उत्तर-

1. कल्पना चावला
2. किरण वेदी
3. सरोजनी नायडू
4. मदर टेरेसा।
5. इंदिरा गाँधी।।


evidyarthi
https://www.evidyarthi.in/